न्यूरालिंक का ब्लाइंडसाइट इम्प्लांट

सरोत: TOI

हाल ही में, **अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन** द्वारा एलन मस्क की **न्यूरालिंक ब्लाइंडसाइट को "अभूतपूर्व उपकरण"** का दर्जा दिया।

- इसका उद्देश्य **गंभीर स्थितियों से निपटने वाले** नवीन चिकित्सा उपकरणों के **विकास और समीक्षा में तेज़ी लाना है।**
- ब्लाइंडसाइट,**एक प्रायोगिक दृष्टि-पुनर्स्थापना प्रत्यारोपण है।** यह उन व्यक्तियों की **दृष्टि पुनर्प्राप्ति में सहायता प्रदान कर सकता है जिन्होंने दोनों आँखें** और **ऑप्टिक तंत्रिका खो दी है।**
  - यह **जन्म से अंधे लोगों के लिये भी दृष्टि की संभावना प्रदान करता है**,बशर्ते कि उनकी दृष्टि के लिये कोर्टेक्स अभी भी मौजूद हो।
- शुरुआत में,दृश्य अनुभव **कम रिज़ॉल्यूशन वाला होगा**,जो **शुरुआती वीडियो गेम ग्राफिक्स के समान होगा**। हालाँकि,भविष्य की प्रगति के साथ ब्लाइंडसाइट **प्राकृतिक दृष्टि से आगे निकल सकता है।**
  - दृष्टि बहाल करने के अलावा, यह उपकरण उपयोगकर्त्ताओं को दृश्यमान स्पेक्ट्रम से उच्च**तरंगदैर्घ्य**, जैसे कि **अवरक्त, पराबैंगनी या रडार** को देखने में सक्षम कर सकता है, जिससे उन्हें **अलौकिक जैसी दृष्टि क्षमताएँ प्राप्त होंगी।**
- ब्लाइंडसाइट के अतिरिक्त,कंपनी एक ऐसे **उपकरण पर भी कार्य कर रही है जो लकवाग्रस्त व्यक्तियों को केवल अपने विचारों का उपयोग करके डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करने में** मदद करेगा।
- एलन मस्क ने **वर्ष 2016** में न्यूरालिंक की स्थापना की थी, जिसका लक्ष्य ऐसे ब्रेन चिप इंटरफेस बनाना था जो**दृष्टबाधित लोगों को उनकी दृष्टि वापस पाने, अधिक आसानी से चलने-फिरने और अधिक प्रभावी ढंग से संवाद करने में सहायता** कर सके।

और पढ़ें: पहला मानव न्यूरालिंक प्रत्यारोपण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/neuralink-s-blindsight-implant